दीक्षारम्भ कार्यक्रम रिपोर्ट

राजकीय महाविद्यालय, पाटी (चम्पावत) में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दिनांक **20 एवं 21 अगस्त 2025** को *दीक्षारंभ कार्यक्रम* का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 20 अगस्त को महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक **डॉ. डी. वी. सिंह** द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् महाविद्यालय परिवार, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से आये अतिथि एवं छात्र-छात्राओं ने माँ सरस्वती की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किये| महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. डॉ. आर. के. पाण्डेय** ने सभी आगंतुको का स्वागत किया और समस्त प्राध्यापको तथा जीवन राम, मनोज कुमार संकर लाल , राहुल मेहता , लक्ष्मण बिष्ट और भगवती प्रसाद कनिष्ट सहयक ने अपना अपना परिचय कराया | उत्तराखंड मुक्त विश्विद्यालय से आये अतिथियों ने मुक्त विश्वविद्यालय में संचालित कार्यकर्मो के बारे में छात्र छात्रों को अवगत कराया तत्पश्चात श्रीमती हिना परवीन ने पी० पी० टी ० के माध्यम से NEP (2020) ,एंटीड्रग्स, कैरियर काउंसलिंग और प्रवेश, परीक्षा के बारे में पूर्ण जानकारी साँझा की|

प्राचार्य प्रो. डॉ. आर. के. पाण्डेय महाविद्यालय के इतिहास, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं गौरवशाली परंपराओं और आगामी विषय राजनीतिशास्त्र, भूगोल के बारे में उपस्थितजनों को अवगत कराया। **डॉ. डी.**

वी. सिंह ने महाविद्यालय की *आधिकारिक वेबसाइट* एवं महाविद्यालय की विभिन्न समितियों की संरचना व उनकी गतिविधियों का परिचय पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा कराया।

कार्यक्रम के द्वतीय दिवस सर्वप्रथम डॉ० के० के० मिश्र इतिहास विभाग द्वारा क्रीडा, एन० एन० एस और छात्रसंघ से सम्बंधित जानकारी पी० पी० टी० के माध्यम से प्रस्तुत किया गया|डॉ अल्का आर्या शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा साश्तामंडल, नैक , पी एम उषा तथा छात्रवृति के बारे में पॉवर पॉइंट से जानकारी को साझा किया गया डॉ सपना हिंदी विभाग ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , पुस्तकालय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को पीपीटी के द्वारा अवगत कराया|

अंत में कार्यक्रम संयोजक श्रीमती हिना परवीन ने नव प्रवेशित छात्र छात्रों और महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया

कार्यक्रम संयोजक
श्रीमती हिना परवीन
राजकीय महाविद्यालय पाटी